# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम– भन्सरिया, पो0– उदयपुर, लखीमपुर–खीरी (उ0 प्र0) 262701

पत्रांक 2258 / M-48 / 86 दिनांक 06/07/2026


सेवा में,


मुख्य अभियन्ता, (ग्रा0),
उ०प्र० जल निगम (ग्रा0),
लखनऊ।


विषयः – **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 06.07.2026 को प्रकाशित खबर " सड़कें खोदीं, लेकिन गांवों तक नहीं पहुंचा पानी, ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप" ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 06.07.2026 को प्रकाशित खबर" **सड़कें खोदीं, लेकिन गांवों तक नहीं पहुंचा पानी, ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप"** विकास खण्ड बेहजम की बेहजम पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है, उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है, कि बेहजम पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य दो जोन में प्रस्तावित है, जिसमें जोन–2 में आवश्यक कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति संचालित है योजना के जोन–1 में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण है, पाइप लाइन ज्वाइटिगं व रोड क्रास का कार्य अवशेष होने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नही हो सकी है उक्त कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी एजेन्सी मै० एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित कर दिया गया है उक्त योजना को पूर्ण किये जाने की लक्षित तिथि मार्च 2027 है।






भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. मै0 एन0सी0सी0 लि0 को उक्त कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति किए जाने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता।

ashis paper cutting\bejam 06 06 2026.docx